## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.09.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम किए जाने के संबंध में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने आज अधिसूचना जारी कर दी है।
- समुद्री राज्य विकास परिषद की बीसवीं बैठक कल गोवा में सम्पन्न हुई–उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी भी इसमें शामिल हुए।
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हिंदी भाषा ने देश को एकजुट करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है।
- मिलाद–उन–नबी के अवसर पर अंडमान निकोबार प्रशासन के सभी कार्यालयों में सत्रह सितम्बर को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है।
- प्रादेशिक सेना की हीरक जयंती के सिलसिले में सियाचिन बी कैम्प से इंदिरा प्वाइंट तक साइकिल अभियान का आयोजन किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम किए जाने के संबंध में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने आज अधिसूचना जारी कर दी है। ब्रिटिश साम्राज्यवाद की एक सौ पचहत्तर वर्षों से अधिक की मौजूदा विरासत को समाप्त करने के लिए गृह मंत्रालय ने कल केन्द्रशासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी और दक्षिण अंडमान ज़िले के पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया था। अधिसूचना में कहा गया है कि सभी नियमों और निर्देशों में उल्लिखित शब्द पोर्ट ब्लेयर को अब संबंधित प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा श्री विजयपुरम के नाम से पढ़ा और जाना जाएगा।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के राज्य प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी और अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने पर उनके प्रति आभार प्रकट किया है। विश्व हिन्दू परिषद ने भी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम किए जाने के ऐतिहासिक कदम का स्वागत किया है।

<><><><><><><>

समुद्री राज्य विकास परिषद की बीसवीं बैठक कल गोवा में सम्पन्न हुई। इस दो दिवसीय बैठक में केन्द्रीय सरकार, राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के अस्सी से अधिक महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान किया गया। इनमें बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, कनेक्टिविटी, समुद्री पर्यटन, नेवीगेशन परियोजनाओं और बंदरगाहों की सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल थे। बैठक में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और भारत के समुद्री क्षेत्र में प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए एक राज्य रैंकिंग ढांचे और एक बंदरगाह रैंकिंग प्रणाली के कार्यान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक में बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानन्द सोनोवाल और द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सरकार ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में गलाथिया खाड़ी को भी प्रमुख बंदरगाह के रूप में नामित किया है। चवालीस हजार करोड़ रूपये की यह परियोजना सार्वजनिक–निजी भागीदारी मॉडल के तहत विकसित की जाएगी और इसका उद्देश्य वर्तमान में भारत के बाहर संभाले जाने वाले ट्रांसशिप्ड कार्गो को शामिल करना है। परियोजना का पहला चरण दो हजार उनतीस तक शुरू होने की संभावना है। द्वीपों के उप–राज्यपाल ने विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के अनुरूप अंडमान निकोबार द्वीपसमूह पर विशेष ध्यान देने के लिए सरकार को धन्यवाद दिया।

<><><><><><><>

हिन्दी दिवस आज मनाया जा रहा है। उन्नीस सौ उनचास में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। आज समय के साथ हिंदी मजबूत होती जा रही है। यही कारण है कि अब सिर्फ भारतीय ही नहीं, बल्कि विदेशी भी अपनी भाषा की अपेक्षा हिंदी को अधिक महत्व देते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है। हृदय की कोई भाषा नहीं है, हृदय–हृदय से बातचीत करता है और हिंदी हृदय की भाषा है। हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और बावन करोड़ से अधिक लोगों की पहली भाषा है। गृह मंत्री अमित शाह ने हिंदी दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री शाह ने कहा कि सभी भारतीय भाषाएं देश का गौरव और विरासत हैं तथा इन्हें समृद्ध किए बिना प्रगति सम्भव नहीं है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हिंदी भाषा ने देश को एकजुट करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य भाषाओं में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। नई दिल्ली में आज राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि सभी भाषाओं को मजबूत करने से ही एक सशक्त राष्ट्र का

निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा मिले। गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि राजभाषा विभाग शीघ्र ही हिन्दी से आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में अनुवाद करने के लिए एक पोर्टल का शुभारंभ करेगा। इससे पत्रों और भाषणों का बहुत कम समय में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से सभी भाषाओं में अनुवाद हो जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में चांद दिखाई देने के कारण मिलाद–उन–नबी सत्रह सितम्बर को मनाई जाएगी। इस सिलसिले में प्रशासन ने विज्ञप्ति जारी कर सोलह सितम्बर के स्थान पर सत्रह सितम्बर को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।

<><><><><><><>

पोर्ट कार्गो विंग स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल मनाफ और अन्य कर्मियों ने पत्तन प्रबंधन बोर्ड के वार्फ सुपरिंटेंडेंट के. पी मजूमदार के निधन पर शोक प्रकट किया है। शव यात्रा कल इनके निवास स्थान हटबे से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

प्रादेशिक सेना की हीरक जयंती के सिलसिले में सियाचिन बी कैम्प से इंदिरा प्वाइंट तक साइकिल अभियान का आयोजन किया गया है। रैली के सदस्य कल श्री विजयपुरम पहुंच चुके हैं। रैली को अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन कल ब्रिचगंज मिलिट्री स्टेशन से झंडी दिखाकर आगे की यात्रा के लिए रवाना करेंगे। इस रैली का आयोजन एक सौ चौवन प्रादेशिक सेना की ओर से किया जा रहा है।

<><><><><><><>

एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के संस्थापक और आई आई टी बॉम्बे के प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी ने कल मुख्य सचिव से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यक्रम में नवीकरणीय ऊर्जा को एकीकृत करने के महत्व पर चर्चा की। प्रोफेसर सोलंकी ने द्वीपसमूह की अतिसंवेदनशील पर्यावरणीय स्थिति के समाधान के लिए सौर ऊर्जा के इस्तेमाल पर बल दिया।

इस बीच, कल अभियंता दिवस मनाया जाएगा। इस सिलसिले में डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी होंगे।

<><><><><><><>

तकनीकी कारणों के चलते एम वी कैम्पबेल बे की कल की लिटिल अंडमान की यात्रा में संशोधन किया गया है। अब एम वी कैम्पबेल बे के स्थान पर जलयान सिंधु कल सुबह सात बजे लिटिल अंडमान की यात्रा पर जाएगा और इसकी वापसी कल ही रात नौ बजे लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम के लिए होगी। जिन यात्रियों ने एम वी कैम्पबेल बे के टिकट खरीदे हैं, वे इसी टिकट से अतिरिक्त शुल्क की अदायगी कर जलयान सिंधु से यात्रा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। ननकौड़ी में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक तैंतालीस दशमलव दो मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में दस दशमलव दो, मायाबंदर में नौ, कार निकोबार में सात, लांग आइलैंड में छः दशमलव छः, हटबे में दो दशमलव आठ और श्री विजयपुरम में दो दशमलव छः मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>